# आकाशवाणी गोरखपुर
# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–11 अप्रैल 2024 **7:20 AM**

- भाजपा के वरिष्ठ नेता और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने प्रदेश की तीन लोकसभा सीटों पर किया चुनाव प्रचार, अलग अलग जनसभाओं में गिनाईं सरकार की उपलब्धियां।
- समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव पीलीभीत संसदीय सीट से बारह अप्रैल से शुरू करेंगे चुनाव प्रचार, पार्टी ने विजन डाक्यूमेंट के नाम से जारी किया अपना घोषणा पत्र।
- प्रदेश में हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया जा रहा है ईद–उल–फित्र का त्योहार
- बीते चौबीस घंटों में बदला मौसम का मिजाज, कई जिलों में तेज हवाओं के साथ हुई बारिश

**********

भाजपा के वरिष्ठ नेता और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कल सहारनपुर, बुलंदशहर और संभल में चुनाव प्रचार करते हुए अलग अलग जनसभाओं को संबोधित किया। सहारनपुर में भाजपा प्रत्याशी राघव लखनपाल शर्मा के समर्थन में हुई जनसभा में पहुंचे श्री सिंह ने कहा कि सरकार किसानों के हित में काम कर रही है । हर वर्ग को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

बुलंदशहर में भाजपा प्रत्याशी भोला सिंह के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत की छवि पूरी दुनिया में मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में जो भी वादे किए, उन्हें पूरा करने का काम किया। संभल में आयोजित सोशल मीडिया वालंटियर मीट में श्री सिंह ने भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी के लिए समर्थन मांगा। इस मौके पर श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश मजबूत हुआ है।

वहीं, भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी कल मेरठ में जनसभा कर पार्टी प्रत्याशी को जिताने की अपील की।उन्होंने कहा कि पश्चिमी यूपी में परिवर्तन स्पष्ट दिख रहा है।

**********

भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव को लेकर कल प्रत्याशियों की एक और सूची जारी की । इस सूची में उत्तर प्रदेश की सात लोकसभा सीटों के प्रत्याशियों के नाम घोषित किए गए हैं। पार्टी नें मैनपुरी से जयवीर सिंह ठाकुर, कौशांबी से विनोद सोनकर, फूलपुर से प्रवीण पटेल, इलाहाबाद से नीरज त्रिपाठी, बलिया से नीरज शेखर, मछली शहर से बीपी सरोज और गाजीपुर से पारसनाथ राय को अपना प्रत्याशी बनाया है।

**********

समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव पश्चिमी यूपी के पीलीभीत संसदीय सीट से बारह अप्रैल को चुनाव अभियान का शुरूआत करेंगे। वह वहां के पार्टी के प्रत्याशी भगवत शरण गंगवार के समर्थन में प्रचार करेंगे। सपा प्रमुख का अगले दिन बिजनौर और नगीना में तथा चौदह अप्रैल को मुरादाबाद में रैली का कार्यक्रम है। साथ ही इंडिया गठबंधन के तहत सपा–कांग्रेस की संयुक्त रैलियों के कार्यक्रमों को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है।

इस बीच, समाजवादी पार्टी ने कल लखनऊ में लोकसभा चुनाव के लिए अपना घोषणा पत्र भी जारी कर दिया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने यह घोषणा पत्र विजन डॉक्युमेंट के नाम से जारी किया । इस अवसर पर सपा प्रमुख ने कहा कि विजन डॉक्यूमेंट का मुख्य उद्देश्य सभी को न्याय और समानता का अधिकार, लोकतंत्र की रक्षा का अधिकार और लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वतंत्रता और स्वायत्तता का अधिकार दिलवाना है। सपा के विजन डॉक्यूमेंट में पुरानी पेंशन योजना की बहाली की भी बात कही गई है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि जातिगत जनगणना बहुत जरूरी है और यह समय पर होनी चाहिए।

**********

उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में आठ सीटों पर मतदान होना है। इसमें धर्मनगरी मथुरा की महत्वपूर्ण सीट भी शामिल है। इस सीट पर भाजपा ने लगातार दो बार से सांसद रही हेमा मालिनी को उम्मीदवार बनायाहै। वहीं सपा–कांग्रेस गठबंधन से मुकेश धनगर और बहुजन समाज पार्टी से सुरेश सिंह मैदान में हैं। इनके अलावा12 निर्दलीय प्रत्याशी भी इस सीट पर अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। पेश है हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट

***मथुरा लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा सीट आती हैं। इसमें छाता, मांट, गोवर्धन, मथुरा और बलदेव विधानसभा शामिल हैं। इस लोकसभा क्षेत्र में कुल 19 लाख 23 हजार 263 मतदाताहैं। इनमें 10 लाख 28 हजार 840 पुरुष मतदाता, 8 लाख 94 हजार 362 महिला मतदाता और 61 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में इस सीट से भाजपा की हेमा मालिनी ने जीत हासिल की थी। उन्हें 6 लाख 71 हजार 293 वोट मिले थे, जबकि आरएलडी के कुंवर नरेन्द्र सिंह 3 लाख 77 हजार 822 वोटों के साथ दूसरे स्थान पर रहे थे। वहीं कांग्रेस के महेश पाठक 28 हजार 84 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे। इस बार आरएलडी, भाजपा के साथ गठबंधन में है और कांग्रेस– सपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ रही है। इस सीट पर बसपा ने रिटायर्ड आईआरएस अधिकारी सुरेश सिंह को अपना प्रत्याशी बनाया है। वह शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े हुए हैं। हालांकि सुरेश सिंह को प्रत्याशी बनाने से पहले बसपा ने वरिष्ठ पत्रकार कमलकांत उपमन्यु को उम्मीदवार घोषित किया था लेकिन बाद में उनका टिकट काट दिया गया। सपा–कांग्रेस गठबंधन से इससीट पर कांग्रेस ने मुकेश धनगर को प्रत्याशी***

***बनाया है। कांग्रेस इस सीट पर पहले अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर विजेंदर सिंह को उतारकर हेमा मालिनी के ग्लैमर को टक्कर देने की तैयारी में थी लेकिन ऐन मौके पर विजेंदर ने भाजपा में शामिल होकर कांग्रेस को झटका दे दिया। इस हाई प्रोफाइल सीट के लिए पार्टियों ने प्रचार तेज कर दिया है। इस सीट पर 26 अप्रैल को मतदान होना है। मो0 उमर कुरैशी, आकाशवाणी समाचार, मथुरा।***

**********

प्रदेश भर में आज हर्षोल्लास के वातावरण में ईद–उल–फित्र का त्योहार मनाया जा रहा है। विभिन्न जिलों में सुबह से ही ईदगाहों में नमाज पढ़ी जा रही है और लोग एक दूसरे से गले मिल कर ईद की बधाइयां दे रहे हैं। पर्व को देखते हुए प्रदेश में कड़े सुरक्षा के इंतजाम किये गये हैं। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने कल ईद की बधाई देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की जरूरत उत्पन्न होने पर लोग पुलिस की सहायता ले सकते हैं। आगरा के ताजमहल परिसर में सुबह पौने नौ बजे ईद की नमाज होगी । वहां नमाज पढ़ने के लिए देशभर से लोग आते हैं। पीलीभीत जिले के प्रसिद्ध शाही जामा मस्जिद में दस बजे नमाज होगी। अमरोहा जिले में ईद पर्व को देखते हुए साफ सफाई के विशेष इंतजाम किये गये हैं।

**********

इस बार रामनवमी पर सूरज की किरणें अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में विराजमान श्री रामलला का अभिषेक करेंगी। किरणें 17 अप्रैल को दोपहर ठीक 12 बजे मंदिर की तीसरी मंजिल पर लगाए गए ऑप्टो मैकेनिकल सिस्टम के जरिए गर्भगृह तक आएंगी। पेश है हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट

*राम मंदिर के गर्भगृह में सूर्य की किरणों को पहुंचाने के लिए बीते 15 दिन से प्रयास किया जा रहा था। जिसमे सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट रुड़की के वैज्ञानिकों ने सूर्य किरणों को रिफ्लेक्टर,दो दर्पण,तीन लेंस और वर्टिकल पाइप के माध्यम से मार्ग परिवर्तित कर सफल परीक्षण किया है। जिसके लिए सबसे पहले तीसरी मंजिल पर एक रिफ्लेक्टर बॉक्स को लगाया गया है,जिसमें एक मुख्य लेंस है,जो बिना बिजली के 19 गियर के जरिए काम करेगा। वही प्रथम और द्वितीय तल से वर्टिकल पाइप को गर्भगृह में उतारा गया है। जिसके अंदर तीन स्थान पर लेंस लगाया गया है। जहां से सूर्य की किरणें गर्भगृह में लगे दर्पण पर पड़ने के बाद 60 डिग्री में परिवर्तित होकर सीधे रामलला के मस्तक पर सुशोभित होगी। तन्मय सोनी, आकाशवाणी समाचार, अयोध्या।*

राममंदिर के गर्भगृह तक आने वाले किरणें दर्पण से परावर्तित होकर सीधे रामलला के मस्तक पर चार मिनट तक पचहत्तर मिलीमीटर आकार का गोल तिलक भी बनाएंगी।

**********

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों के भीतर कई जिलों में तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश हुई । कानपुर, कानपुर देहात और रायबरेली समेत पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में कल दिन में बारिश हुई जिससे लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत भी मिल गयी। गोरखपुर और इसके आसपास के जिलों में बीती रात गरज चमक और तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। मौसम विभाग ने तेरह और चौदह अप्रैल को भी प्रदेश के कुछ जिलों में गरज चमक के साथ वर्षा का अनुमान जताया है। विभाग के अनुसार प्रदेश के पश्चिमी जिलों के कुछ हिस्सों में ओलावृष्टि की भी संभावना है।

**********